

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 13 अंक : 164 28 फरवरी - 2019 मूल्य : 20/-



भारत की प्रथम महिला शिक्षिका

## माता सावित्री बाई फूले

की 188वीं जयंति पर सादर नमन

अवतरण 3 जनवरी, 1831 - महाप्रयाण 10 मार्च, 1897

# सावित्री बाई फूले की जयंति पर आयोजित विभिन्न आयोजनों की झलकियाँ















RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष :13 ● अंक 161-162 ● 28 फरवरी, 2019 (संयुक्तांक) ● ● मूल्य : 20/- प्रति ●

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम, जोधपुर)

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(जिला - उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मे) 94149 1484

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**संरक्षक :**



**श्रीमान लक्ष्मण सिंह सांखला**
( समाजसेवी/भामाशाह )

**संरक्षक :**



**श्रीमान मोहनसिंह सोलंकी**
( उद्योगपति/समाजसेवी )

**संरक्षक :**




**श्रीमान नरपतसिंह सांखला**
( बिल्डर्स/समाजसेवी )

**संरक्षक :**



**श्रीमान प्रदीप कच्छवाहा**
( उद्योगपति )

**संरक्षक :**



**श्रीमान ढ़लसिंह गहलोत**
( उद्योगपति/भामाशाह )

**संरक्षक :**



**श्रीमान भगवानसिंह गहलोत**
( उद्योगपति/भामाशाह )




पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है।
सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

# संपादक की कलम से....



**विद्या परम आभूषण है** इसे धारण करना महती आवश्यकता है परंतु कभी मार्गदर्शन, प्रेरणा, वातावरण व शैक्षिक सुविधाओं के अभाव में समाज के युवक-युवतियों को चाहते हुए भी ''उच्च शिक्षा'' प्राप्त करने में अपेक्षाकृत स्तर अन्नयन के लाभ से वंचित रहना पड़ता है। समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है आवश्यकता है तो उन्हें तराशने की उन्हें प्रेरित करने की। कई दुरांचलों में सुविधाओं के अभाव में जिज्ञासा अभिलाषा के बावजूद मन मसोस कर युवाओं को पढ़ाई से विमुख हो अल्पायु में ही रोजगार पर लगना पड़ता है। ऐसी स्थिति में ऐसे क्षेत्रों में जो समाज के शिक्षाविद् अथवा समाजसेवी जागरूक जन है। उन्हें ऐसी समाज की प्रतिभाओं का हौंसला, मनोबल बढ़ाते, उनका उत्साहवर्द्धन कर विषम परिस्थितियों में भी उनके पथ प्रदर्शक बन समाज सेवा के सहभागी बन सकते है।

## शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना भी समाज सेवा है

आज प्रगतिशील युग में शिक्षा का ही बोल बाला हैं। तकनिकी शिक्षा का बढ़ते नवाचारों में प्रमुख स्थानों पर है। आज शैक्षिक योग्यता की ही पूछ है। युवाओं को परिणय बंधन के लिए संबध स्थापित करने में क्वालिफिकेशन को पहले परखा जाता है। ऐसे में परसेंटेज व प्रतिस्पर्धा के युग में हमारी नव पीढ़ी पीछे न रहे। वे आगे बढ़कर समाज का हर क्षेत्र में गौरव बढ़ायें इसके लिए समाज के विशिष्ठ बुजुर्गो, अनुभवी विभूतियों को भी प्रहरी बन अपने अपने क्षेत्र में निगाहें रख प्रतिभाओं की हर स्तर पर चाहे सामाजिक हो या सरकारी सहायता दिलाने के लिये आगे आना चाहिए, आज के युग में विद्या से विमुख रहने वालों को हर सुविधा से प्राय: विमुख होना पड़ता है, कहा है:-

*रूप यौवन सम्पन्ना, विशाल कुल सम्भवाः।*
*विद्या हीना न शौभन्ते, निर्गन्धा इव किंशुकाः।।*

चाहे रूप यौवन से संपन्न हों, अथवा बड़े कुल में पले हुए हों परंतु इतना होते हुए भी यदि विद्याहीन हैं तो पलाश के फूल की तरह जो देखने में सुन्दर आकर्षक होते हैं, परनतु गन्धहीन होने से निर्थक हैं। इसी तहर विद्याहीन शोभान ही प्राप्त कर सकते है। विद्रवानों का यह भी कथन है कि

**''अन अभ्यासे विद्या विषम् इव निष्ठकारी भवति।''**

अन अभ्यास से विद्या जहर बन जाती है अत: विद्या अध्ययन समाप्ति के बाद भी विद्या का सतत अध्ययन जरूरी है। विद्या प्राप्त पुरूष विनम्र बन जाता है। 'विद्या ददाति विनयं' ऐसी स्थिति में नवा चारों व अनुसंधानों के दौर में शिक्षा पर विशेष चितंन मनन व मंथन करना है। बालिका शिक्षा को भी विशेष बढ़ावा देना भी समाज में योगदान होगा।



मनीष गहलोत

# शिक्षा और समाज सेवा में दिया गया दान श्रेष्ठतम दान –सैनी

## राज्यस्तरीय माली समाज शिलान्यास समारोह में हुआ भामाशाहों का सम्मान






उदयपुर 24 फरवरी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदनलाल सैनी ने कहा कि सामाजिक सहयोग एवं सामंजस्य बेहद जरूरी है। इसके बिना पूर्ण सामाजिक विकास की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। समाज का सहयोग करना एवं सामाजिक कार्यों में सहभागिता करने से विकास में गति आती है। सैनी रविवार को माली समाज पंचायत संस्थान की और से चित्रकूट नगर में आयोजित राज्यस्तरीय माली समाज प्रतिभा सम्मान,परिचय सम्मेलन, एवं शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथी बोल रहे थे। उन्होंने सामाजिक समन्वय की महत्ता समझाते हुए कहा कि जीवन के सभी क्षेत्रों में समन्वय स्थापित होना आवश्यक है। समाज की क्षमता का अनुभव राजनेताओं को करना चाहिए। ऐसी क्षमता समाज के अंदर होनी चाहिए। समाज का सहयोग भी आवश्यक है। शिक्षा और सेवा में दिया गया दान इसे श्रेष्ठतम दान में बनाने के साथ अमर कर देता है। इसलिए महत्वपूर्ण यह नहीं है कि कौन कितना कमाता है, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि राशि कहां और किसमें खर्च होती है। शेर के कारण जंगल की रक्षा होती है और जंगल शेर की रक्षा करता है। यह समन्यक बना रहना चाहिए। समाज भी इसी तरह से होना चाहिए। नेता को समाज की और समाज को नेता की रक्षा करनी चाहिए।

सैनी ने उदयपुर में माली समाज के छात्रावास के निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को मोबाइल का प्रयोग ज्ञान अभिवृद्धि के रूप में ही करना चाहिए । महात्मा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती लाल सांखला ने सामाजिक संबंधों की महत्ता पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य मुकेश सैनी ने समाज में शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम को अनुभव चंदेल, डॉ दुर्गाशंकर सैनी, रेवाशंकर माली,दिनेश माली,प्रवीण रतलिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश माली ने किया।

### इनका हुआ सम्मान

माली समाज पंचायत संस्थान के अध्यक्ष कैलाश धोलासिया ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रदेश भर से आये राष्ट्रीय, राज्यस्तरीय, जिलास्तरीय खेलकूद प्रतिभाएं, मेडिकल, इंजीनियरिंग सेवाओं में चयन, इंजीनियरिंग चिकित्सा सेवा, कृषि सेवा आदि में चयन के साथ बोर्ड परीक्षा में जिला राज्य मेरिट वाले विद्यार्थी सहित 325 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

### यह रहे मौजूद

समारोह के दौरान माली समाज के भरत कुमार माली, रोशनलाल रिछिया, प्रेम चौहान,हेमंत माली,भंवरलाल मेकालिया, तेजराम असावरा, गिरिराज वगेरवाल, देवीलाल असावरा,एडवोकेट ओम प्रकाश भोई सहित समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच संचालन डॉ लक्ष्मी नारायण माली ने किया।

### इनका भी किया अभिनंदन

समारोह के दौरान छात्रावास निर्माण में सहयोग करने वाले समाज के लोगों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया।

### हुआ शिलान्यास समारोह

रविवार प्रातः 1 बजे मुख्य समारोह आयोजित हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन लाल सैनी ने प्रस्तावित भूखण्ड का शिलान्यास कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

### छात्रावास के लिए एकत्रित हुए छः लाख

समारोह के दौरान प्रदेश भर से आये समाजजनों ने समाज के छात्रावास निर्माण के लिए छः लाख रुपए तक का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित परिचय सम्मेलन प्रदेशभर से आये 130 से अधिक विवाह योग्य युवक युवतियों ने भाग लिया और अपने जीवन साथी को चुनने के लिए विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान माली समाज की मातृ शक्ति संगठन की और से पुलवामा में शहीद हुए सैनिकों को श्रदांजलि अर्पित की गई। अध्यक्षा हेमन्त माली और मंजू माली के नेतृत्व में समाज की बालिकाओं ने कारगिल पर भव्य नाटक की प्रस्तुति देकर लोगों की आँखों को नम कर दिया।

इससे पूर्व प्रथम दिवस को राज्यस्तरीय समारोह में प्रदेश भर से आये समाजजन को संबोधित करते हुए समाजसेवी एडवोकेट अभिनव सैनी ने कहा कि माता–पिता अच्छे हैं तो बच्चे भी अच्छे और संस्कारवान होंगे।









मन में छोटे–बड़े की भावना मत रखो। आगे बढ़ना है तो संगठित रहो। आगे होने के भ्रम में मत रहो। छोटे बड़ों की भावना रखने से व्यक्ति स्वयं के साथ समाज को भी पीछे ले जाता है। समाज देश की उन्नति के लिए बेटियों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा दिलाएं। आज के व्यक्ति को व्यक्तिगत पारिवारिक भावनाओं के स्थान पर सामाजिक उत्थान की सोच के साथ कार्य करना चाहिए, तभी समाज एकजुट होकर आगे बढ़ेगा और सफलता मिलेगी। यह विचार शनिवार को शहर के चित्रकूट नगर स्थित माली समाज के प्रस्तावित भूखण्ड पर आयोजित राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान,परिचय सम्मलेन,शिलान्यास समारोह के प्रथम दिन मुख्य अतिथी अनुभव चंदेल ने कहीं। समारोह की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी प्रवीण रतलिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में सद्भावना विकास की भावना बढ़ती है तथा कार्यक्रमों के माध्यम से एक दूसरे के मेल जोल बढ़ते हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ के एल माली बताया कि जिस घर में महिलाओं का सम्मान होता है, उस घर में देवों का वास सुख समृद्धि निवास करती है। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश माली ने किया।

जोधपुर से आए जोधपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ अश्विनी आर्य (सैनी) ने सैनी माली ऑफिशियल संस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए सैनी ऑफिशियल संस्थान द्वारा संचालित निरूशुल्क आरएएस तथा आईएएस कोचिंग के बारे में बताते हुए कहा कि समाज में प्रतिभावान युवाओं की कमी नहीं है जरूरत है तो उचित प्रशिक्षण एवं विद्वानों के माध्यम से बेहतरीन मार्गदर्शन की। इसी को ध्यान में रखते हुए सैनी ऑफिशियल संस्थान ने एक मुहिम शुरू की है जिसका नाम है 'गुरुकुल प्रशिक्षण संस्थान' जिसमें 'माली सैनी समाज' के युवाओं को 'आरएएस तथा आईएएस' बनने के लिए उचित मार्गदर्शन और बेहतरीन प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो समाज के ही विषय विशेषज्ञों द्वारा जोधपुर में शुरू किया गया है।

प्रोफेसर आर्य ने बताया कि यह प्रशिक्षण पूर्णता निःशुल्क हैं और बाहर से आने वाले छात्र–छात्राओं से छात्रावास सुविधा का नाम मात्र का शुल्क लिया जाता है। लड़के एवं लड़कियों के लिए पृथक–पृथक और सुरक्षित छात्रावास सुविधा उपलब्ध है। प्रोफसर डॉ आर्य ने आगे बताया कि इस मुहिम के माध्यम से प्रतिभावान गरीब से गरीब  समाज के युवक युवतियां भी प्रशासनिक अधिकारी बन सकता है। इसके लिए डॉ अश्विनी आर्य ने बताया कि समाज के जो भी प्रतिभावान छात्र– छात्राएं हैं जो प्रशासनिक सेवा में चयनित होकर समाज का नाम रोशन करना चाहते हैं, उनके लिए गुरुकुल एक सार्थक प्लेटफार्म की भूमिका अदा कर सकता है।

माली समाज पंचायत संस्थान के अध्यक्ष कैलाश धोलासिया ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रदेश भर से आये राष्ट्रीय, राज्यस्तरीय, जिलास्तरीय खेलकूद प्रतिभाएं, मेडिकल, इंजीनियरिंग सेवाओं में चयन, इंजीनियरिंग चिकित्सा सेवा, कृषि सेवा आदि में चयन के साथ बोर्ड परीक्षा में जिला राज्य मेरिट वाले विद्यार्थी सहित 175 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान माली समाज के  भरत कुमार माली, रोशनलाल रिछिया, प्रेम चौहान,हेमंत माली,भंवरलाल मेकालिया, तेजराम असावरा, गिरिराज वगेरवाल, देवीलाल असावरा, डॉ ओम प्रकाश भोई सहित समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे। समारोह के दौरान समाज सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाले 15 समाजजनों को ज्योतिबाफुले समाज सेवा रत्न से सम्मानित किया गया।

## माली समाज के जिला स्तरीय समारोह में हुआ 800 प्रतिभाओं का सम्मान, 3 को दिया लैपटॉप

# प्रतिभावान सम्मान समारोह से प्रतिभाओं की हौसला अफजाई होती है – महेश सैनी आई.एस.एस.



भीनमाल। श्री लिखमीदास सेवा संस्थान भारू ग्रुप के तत्वावधान में माली समाज का 15 वां जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 10 जनवरी, रविवार को स्थानीय क्षेंमकरी माता मंदिर तलहटी स्थित माली समाज धर्मशाला में आईएस महेश सैनी के मुख्य आतिथ्य, जेएनयूवी जोधपुर के प्रोफेसर डॉ. अश्विन आर्य सैनी की अध्यक्षता व महिला महाविद्यालय के प्रोफेसर बाबूलाल देवड़ा, सेवानिवृत प्रधानाचार्य ब्रह्मसिंह गहलोत, परिवहन निरीक्षक दिलीप सोलंकी, व्यावर नगरपरिषद सभापति शशिबाला सोलंकी, मिसेज इंडिया यूनिवर्स टीना माली, माली समाज सोसायटी सिरोही के अध्यक्ष रघुभाई देवड़ा एवं एईएन भरत देवड़ा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ।

समारोह को सम्बोधित करते हुए आई.ए.एस. महेश सैनी ने कहा कि प्रतिभावान सम्मान समारोह से प्रतिभाओं की हौसला अफजाई होती है। समाज की यही वो प्रतिभाएं है जो आगे चलकर समाज के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा रखती है। जिस तरह सावित्री बाई फुले ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना नाम ऊंचा करते हुए देश की प्रथम शिक्षिका के रूप में समाज को पहचान दिलाई है जो गौरव की बात है। प्रोफेसर डॉ. अश्विन आर्य सैनी ने कहा कि समाज में प्रतिभाओं की कहीं कोई कमी नहीं है बस उन्हें निखारने की जरूरत है।


विद्यार्थी जीवन भविष्य को संवारने का स्वर्णिम काल है, इस जीवन में जैसी मेहनत करेंगे उसी के अनुरूप फल मिलेगा। मिसेज युनिवर्स टीना माली ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं अपने समाज का नाम देश सहित अन्य देशों में भी रोशन कर रही हूं। हमें अपने बच्चों में अच्छे संस्कार डालने चाहिए। शशिबाला सोलंकी ने मातृ शक्ति की संख्या ज्यादा होने पर गर्व महसूस करते हुए कहा कि पहले परिस्थितियां अनुकूल नहीं थी, लेकिन वर्तमान में तकनीकी युग में परिस्थितियां अनुकूल हो रही है। रघुभाई सिरोही ने कहा कि समाज के लिए शिक्षा अनिवार्य है। समाज के जितने भी बच्चे है अन्हें उच्च शिक्षा की तरह ले जाना होगा। अब समाज को बड़े अधिकारियों की जरूरत है। समारोह को बाबूलाल देवड़ा, दिलीप सोलंकी, भरत देवड़ा सहित कई अतिथियों ने संबोधित किया।

इस अवसर पर मीठालाल जांगिड़ व पारसमल सांखला, छगाराम सांखला, डॉ. प्रेमराज परमार, प्रभुराम सांखला, छतराराम सुंदेशा, जीएम परमार, भंवरलाल सोलंकी, भारताराम सुंदेशा, जयरूपाराम सुंदेशा, बाबूलाल सुंदेशा, नाथूलाल सोलंकी जालोर, सांवलाराम परिहार, जगदीश परमार, चेलाराम गहलोत, चुन्नीलाल सांखला, जवाराम सांखला, चंपालाल सोलंकी, भंवरलाल परमार, हजारीमल परमार, महावीर परमार, आसुराम सुंदेशा, सीएल गहलोत, जेठाराम परमार, कालुराम मोरसीम, सुरेश परमार सहित कई समाजबंधु उपस्थित रहे।

**800 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान** – भीरू ग्रुप के सचिव भंवरलाल सोलंकी ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह के तहत राज्य एवं जिला स्तर पर मेरिट में रहने वाली तीन प्रतिभाओं को लैपटॉप, सिल्वर मेडल से नवाजा गया। विभिन्न परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्रापत करने वाले 11 प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को इक्यावन सौ रूपए, तीन प्रतिभाओं को ग्यारह हजार व आर्थिक रूप से कमजोर 41 प्रतिभाओं को ग्यारह सौ रूपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी के साथ मेरिट में आने वाली प्रतिभाओं को उनके माता–पिता के साथ सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी रोचक प्रस्तुतियां – समारोह के दौरान नन्हीं बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया जिसमें विभिन्न तरह के आकर्षक नृत्य पेश किए गए। नन्हीं बालिकाओं का नृत्य देख भामाशाहों ने पुरस्कार घोषणाएं भी की। महाप्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# रामप्रसाद तंवर बने रीको एरिया मार्बल एसोसिएशन के अध्यक्ष



मकराना। 396 पंजीकृत सदस्यों में 375 ने किया मतदान– औद्योगिक क्षेत्र बिदियाद में रविवार को मकराना रीको एरिया मार्बल एसोसिएशन के वर्ष 2019–2021 के लिए अध्यक्ष पद का चयन चुनाव समिति एवं प्रशासन की देखरेख में वोटिंग के जरिए किया गया। एसोसिएशन के कुल पंजीकृत 396 सदस्यों में से 375 सदस्यों ने मतदान का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के लिए मैदान में उतरे रामप्रसाद तंवर को कुल 375 मतों में 189 मत प्राप्त हुए जबकि भागूराम आंवला को 186 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार रामप्रसाद तंवर कुल 3 मतों से विजयी हुए।

जानकारी अनुसार रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मत पत्रों द्वारा अध्यक्ष पद के लिए वोटिंग हुई। इसके बाद चुनाव संचालन समिति द्वारा दोनों प्रत्याशियों एवं प्रशासन की निगरानी में मतपत्रों की गणना की गई। लगभग 4 बजे रामप्रसाद तंवर को तीन मतों से विजयी घोषित किया गया। उन्हें एसोसिएशन के अध्यक्ष पद का प्रमाण पत्र नायब तहसीलदार शिवजीराम बावरी ने दिया। परिणाम घोषित होने के बाद रामप्रसाद तंवर के समर्थकों ने उन्हें कंधों पर बैठा लिया बाद में पुलिस सुरक्षा में उन्हें उनके फर्म पर पहुंचाया गया जहां उनके समर्थकों ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया और बधाई दी। इस दौरान तंवर मार्बल में आए ढोल–बाजे वालों को वहां मौजूद सभी लोगों ने जुलूस आदि निकालने से मना करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से जीत का जश्न मनाया।

इससे पहले दिनभर एसोसिएशन भवन के बाहर मेले सा माहौल दिखाई दिया। सभी व्यापारी वर्ग सवेरे नौ बजे से ही एसोसिएशन में एकत्रित होने लगे जो परिणाम की घोषणा होने तक वहीं जमे रहे। परिणाम की घोषणा होने तक वहीं जमे रहे। परिणाम की घोषणा के बाद अध्यक्ष पद के दोनों उम्मीदवार मुस्कुराते हुए एक साथ बाहर आए और बाहर एकत्रित सभी व्यापारियों व समर्थकों को शांतिपूर्ण परीके से मतदान करने में सहयोग करने का आभार प्रकट किया। इस दौरान एसोसिएशन के निर्वतमान अध्ण्यक्ष गोविंद रांदड़, गणेशाराम पादड़ा, हनुमानराम इंदौरा, देवकुमार बंग, जयराम गुर्जर, पन्नालाल नारनोलिया, कैलाश टांक, ओमप्रकाश सांखला, भंवरलाल तंवर दिलीप सुल्तानिया, दीपक बंसल, सज्जनसिंह, शिवराजसिंह, रामनिवास पारीक, सुनील धूत, प्रवीण बंसल, अशोक रांदड़, अशोक इनाणिया, लच्छाराम बडारडा, देवाराम पादड़ा, प्रेमाराम खोखर, मांगीलाल मुंदलिया, दीपक जांगिड़, कैलाश नायक, हस्तीमल विश्नोई, मदनलाल जाजोरिया, आत्माराम प्रजापत सहित अनेक मार्बल व्यवसायीगण मौजूद थे। वहीं परबतसर थानाधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह, बिदियाद चौकी प्रभारी सुमेर सिंह मय जाप्ता सुरक्षा के लिए मौजूद रहे।


किशन सिंह गहलोत
9829871595
8875789176



महेश गहलोत
8955343002
9680692792



नीम गिलोय
( अमरता )

कड़ी पत्ता (मीठा नीम)

औषधीय गुण सहित (Anti Biotic)

मीठा नीम ताजा/ सुखा पाउडर

कृष्णा सप्लायर्स



नीम के औषधीय गुण
1. वजन को नियंत्रित करता हैं।
2. बालों को झड़ने व असमय गंजापन को रोकता है।
3. पेट के लिए फायदेमंद है।
4. आंखों की रोशनी को बढ़ाता है।
5. कोलेस्ट्रोल को नियंत्रित करता है।
6. शुगर को नियंत्रित रखता है।

गिलोय के औषधीय गुण :
1. खून की कमी को दूर करता है।
2. पेट संबधी रोगों को दूर करता है।
3. पीलिया रोग में फायदेमंद ।
4. आंखों के लिए फायदेमंद।
5. रक्त कैंसर, कैंसर, टी.बी., मिर्गी बांझपन में सहायक।
6. मोटापा दूर करने में सहायक।

बेरा नारायण सागर, जसवंत सागर बांध के पीछे, मण्ड़ोर, जोधपुर

## नेशनल अवार्ड के बाद फिल्म अब ऑस्कर अवार्ड की दौड़ में

# समाज के युवा मनीष सैनी ने फिल्मी जगत में मचाई धूम



संस, मंडी अटेली :– कस्बा अटेली के निवासी मनीष सैनी ने फिल्मी जगत में अपनी पहचान बनाकर क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन किया है। मात्र 30 साल आयु में बच्चों पर आधारित गुजराती भाषा में बनी फिल्म में निर्माता से लेकर निर्देशक तक की भूमिका मनीष सैनी स्वयं निभा रहे है। यह फिल्म आगामी 28 सितंबर को प्रकाशित होकर सिनेमा घरों में देखने को मिलेगी।

इतना ही नही उक्त फिल्म प्रदर्शित होने से पूर्व नेशनल अवार्ड से नवाजी जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि इस फिल्म की कहानी में तीन बच्चे गुनगुन, बजरंग व यकील स्कूल में पढ़ते है, लेकिन पढ़ने में काफी कमजोर होते है। हर वक्त अध्यापक की डांट के साथ परीक्षा का डर उन्हें सताता रहता है। जिसकी वजह से वो स्कूल से फरला मार लेते है और जादू को शौ देखने चले जाते है। फिल्म में सूर्य सम्राट नामक जादूगर की भूमिका नसीरूद्दीन शाह निभा रहे है। फिल्म के अंश पर प्रकाश डाला जाए तो तथ्य निकलकर ये आ रहे है कि जादूगर की कला से स्कूली छात्र उच्च स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफल हो रहे है क्योंकि कक्षा में जो विधार्थी पढ़ाई से दूर होकर शरारत करने में मशगूल थे उन्हें अध्यापक एक भाषा बोलता है कि तुम्हे केवल कोई जादूगर ही परीक्षा में पास करवा सकता है, अन्यथा यह संभव नही।

इसी को मन में धारण कर बच्चे जादूगर का शो देखते है और पत्र के माध्यम से जादूगर से पास करने की गुहार लगाते है।जिसे देखकर जादूगर अचरज में रह जाता है लेकिन विद्यार्थियों के पत्र का जवाब देना भी वह बेहतर समझ कर बच्चों के पत्र के माध्यम से मशवरा देता है और कहता है कि एक पाठ्य सामग्री कठपुतली खिलौना को पढ़ाने की बात करता है। इसी को ध्यान में रखते हुए खिलौने को पढ़ाना शुरू करते है जैसे जैसे वह खिलौने को पढ़ाते है तो खिलौना तो पढ़ नहीं पाता लेकिन छात्रों को पाठ्य सामग्री के अध्याय पूर्ण रूप से उनके दिमाग में स्टीक हो जाते है जिसकी कामयाबी उन्हें परीक्षा में उत्तीण होने तक पहुंचाती है। फिल्म के प्रदर्शित होने को लेकर फिल्मी जगत के साथ–साथ अटेली क्षेत्र में भी खुशी का माहौल है।

# जहां दिखी खाली जमीन, लगा दिए पौधे, बीते 15 साल से मुहिम चला रहे – प्रेमपाल सैनी



रामपुर – जिले के छोटे से गांव के रहने वाले प्रेमपाल सैनी की पहचान पर्यावरण प्रेमी के रूप में होने लगी है। ऐसा हो भी क्यों नहीं वह पिछले 15 साल से पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रहे है। वह जहां भी खाली सरकारी जमीन दिखाई देती है, वहां पौधे लगा देते हैं। फिर चाहे वह शमशान घाट ही क्यों न हो। पिछले 15 सालों में वह सरकारी स्कूल–कॉलेजों, सरकारी भवनों, सहकारी समिति भवनों आदि के प्रांगण में हजारों की तादादा में पौधे लगा चुके है।

**ऐसे मिली प्रेरणा** : – ककरौआ गांव के रहने वाले श्री सैनी बताते हैं कि वर्ष 2004 में उनके गांव में वन विभाग की ओर से पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यक्रम हुआ था, जिसमें आए पर्यावरण विदों ने पेड़–पौधों का महत्व बताया। पेड़ों के न होने पर मानव जीवन खत्म हो जाएगा। यह बात उनके दिल में उतर गई। तब निर्णय लिया कि इस पर काम करेंगे। उसी वर्ष पर्यावरण जन कल्याण समिति बनाई और इसके जरिए पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों को लगाने का संकल्प शुरू किया, जो अनवरत चल रहा है।

**हर साल एक हजार पौधे लगाने का है लक्ष्य** :– समिति के अध्यक्ष श्री सैनी बताते है कि उनकी समिति का लक्ष्य हर साल एक हजार पौधे लगाने का है। इसके लिए सरकारी स्कूलों, ग्राम समाज की खाली पड़ी जमीनों की तलाश करते हैं और वहां पौधरोपण करते है। खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आदि ज्यादातर कॉलेज में वह पौधे लगा चुके है। वर्ष 2009 में फिजिकल कॉलेज प्रांगण में 250 पौधे लगाए थे। इनमें ज्यादातर पौधे जीवित है और अब पेड़ बनने लगे है। इसके अलावा अपने गांव के शमशान घाट और ककरौआ किसान सेवा सहकारी समिति में भी इसी वर्ष पौधारोपण किया था। उनकी पत्नी शिवाली सैनी भी अब उनकी मुहिम में शामिल हो चुकी है। वह बताते है कि पौधे लगाने के बाद उनकी देखभाल की भी जिम्मेदारी आसपास के लागों को सौंपते हैं। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगवाते है। वह कहते हैं कि वर्तमान में हम ऐसे विकास की ओर बढ़ रहे हैं, जो हमारे अस्तित्व के लिए खतरा बन रहा है। प्राकृतिक संपदाएं नष्ट हो रही है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग सहित बाढ़ सूखा आदि प्राकृतिक आपदाएं भविष्य के संकट की ओर इशारा कर रही है। इसके बाद भी यदि हम पर्यावरण संरक्षण के प्रति सचेत नहीं हुए तो पृथ्वी पर जीवन संकट में होगा।

## चुरू में सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी सेवा संस्थान का वार्षिक सम्मेलन

# प्रतिभा सम्मान समारोह में 176 प्रतिभाओं को सम्मानित किया



चुरू। सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी सेवा संस्थान का वार्षिक सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में 176 प्रतिभाओं को सम्मानित किया। छात्रो को आईएस–आरएस परीक्षा की निशुल्क कोचिंग करवाएगा सैनी समाज सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी सेवा संस्थान का वार्षिक सम्मेलन में हुई घोषणा। समारोह में समाज की करब 176 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। संस्थान की तरफ से घोषणा की गई कि समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए जिला मुख्यालय पर आरएएस–आईएस की परीक्षा की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग करवाएगा। समारोह रतनगढ़ रोड़ स्थित पंखा सर्किल के पास देवीदास हनुमान बगीची संस्था में प्रमुख समाजसेवी राधेश्याम महावर की अध्यक्षता में हुआ। समारोह में वक्ताओं ने फिजूलखर्ची रोककर शिक्षा पर खर्च करने पर जोर दिया। समाज के लोगों से कहा कि वे राजनीतिक जागरूकता के लिए समान रूप से प्रयास करें।इससे पहले सावित्री बाई फूले, महात्मा ज्योतिबा फूले, सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्या ज्ञान निकेतन की बालिकाओं ने स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। समारोह के मुख्य अतिथि झुंझुनं के चंचलनाथ टीला के महंत ओमनाथ महाराज एवं केंद्रीय विद्यालय के रिटायर्ड उपायुक्त देवकिशन सैनी, रिटायर्ड प्राचार्य सत्यनारायण सैनी, राजकीय लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसके सैनी, रिटायर्ड बैंक अधिकारी प्रेमसुख टाक, नरेंद्र सैनी, करणीसिंह गहलोत, कृषि विज्ञान केंद्र सरदारशहर के सीनियर साईंटिस्ट एंड हैड डॉ. विनोद कुमार सैनी एवं सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष चानणमल सैनी विशिष्ट अतिथि थे।

हुल्लास कम्पा, सुजानगढ़ से गुलाबचंद सिसोदिया व राजकुमार तंवर, रतनगढ़ से गौरीशंकर खड़ोलिया व परमेश्वरलाल गौड़, सरदारशहर से मोहनलाल तंवर व मोहनलाल सांखला, राजगढ़ से रामनिवास इंदौरिया व सुरेंद्रकुमार खडोलिया तथा चूरू से श्यामसुंदर सैनी उपस्थित थे। संचालन निर्मला सैनी, जयंत परिहार ने किया।

फूले ब्रिगेड ने निकाली वाहन रैली : – फूले ब्रिगेड ने इंद्रमणि पार्क से लेकर पंखा सर्किल तक वाहन रैली निकाली। गजानंद गौड़, धर्मेन्द्र राकसिया, मुकेश पंवार, श्रीराम सैनी, विनोद पापटाण, नारायण प्रसाद गौड़ शामिल थे।




### डॉक्टर धरती के भगवान नहीं, दूसरी मां होते हैं

# डॉ. हार्डिया पद्मश्री अवॉर्ड से नवाजे गए



50 साल से नेत्र रोग क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं

इंदौर। शहर के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पी. एस. हार्डिया इस क्षेत्र में दुनियाभर में जाना–माना नाम है। उनसे नई तकनीक सीखने विदेशों से भी डॉक्टर यहां आ चुके है। वर्ष 2002 में रेटिनिटिस पिग्मेनटोसा नामक बीमारी के सफल ऑपरेशन की तकनीक (टेक्निक ऑफ ओमेंटोपैक्सी) की खोज डॉ. हार्डिया ने की थी। डॉ. हार्डिया ने वर्ष 1958 की बैंच में एमजीएम मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू की थी।

वर्ष 1968 में एमजे के बाद पिता के साथ गीता भवन अस्पताल में सेवाएं देना शुरू की। बेटे डॉ. राजीव हार्डिया, दो बेटी और दो पोते भी चिकित्सक है। डॉ. हार्डिया ने अपनी और परिवार की सफलता का श्रेय गृहिणी के रूप में जिम्मेदारी संभालने वाली पत्नी लता हार्डिया को दिया। डॉ. हार्डिया को दिया। डॉ. हार्डिया ने कहा, यह सम्मान शहर के लोगों और मरीजों की सेवा की वजह से मिला है। मै बस यही संदेश देना चाहता हूं कि डॉक्टर धरती के भगवान नहीं, बल्कि दूसरी मां के रूप में होते है। युवा डॉक्टरों को भी इसी भाव से मरीजों की देखरेख करना चाहिए।

# माली समाज लाडनूं के प्रवासियों ने तिरंगा ले इटली में निकाला कैंडल मार्च, बोले–आतंक बर्दाशत नहीं करेंगे

## देश से विदेश तक शहादत का सलाम इटली के लिचे में पियाजा सेंट ओरोंजो में भारतीय समुदाय के लोगों ने शहीदो को दी श्रद्धांजलि, पाकिस्तान के खिलाफ नारे भी लगाए

लाडनूं। पुलवामा के आतंकी हमले के बाद पूरा देश शहीद हुए जवानों के परिजनों के साथ खड़ा है और मदद के लिए आगे आ रहा है। हमले के बाद लोगों ने कैंडल मार्च, सभाएं, विरोध–प्रदर्शन व ज्ञापन आदि देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। यह रोष केवल भारत में ही नहीं, भारत से बाहर विदेशों में रह रहे भारतीय समुदाय के दिलों में भी है। उनमें पाकिस्तान के प्रति भारी आक्रोश है। इटली में रहने वाले लाडनूं व सुजानगढ़ क्षेत्र के प्रवासी भारतीयों ने नोन रेजिडेंट इंडियन एसोसिएशन के तत्वावधान में वहां इटली के लिचे में पियाजा सेंट ओरोंजो में कैंडल मार्च निकालकर देश के समस्त शहीद सैनिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की, वहीं पाकिस्तान के प्रति भारी आक्रोश प्रकट किया। मार्च में शामिल प्रवासी भारतीयों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे जोश–खरोस से लगाए। सभी लोगों ने अपने हाथों में हमारा राष्ट्र–ध्वज तिरंगा ले रखा था तथा शांति की कामना के साथ पंचरंगा का झंडा, जिसपर पी.ए.सी.ई. (पेस यानि शांति) लिखा हुआ भी हाथों में थाम रखा था। इस जुलूस में शामिल सभी लोगों ने पहले शहीद हुए जवानों के चित्रों के फ्लेक्स के समक्ष मोमबत्तियां जलाई। सभी लिचे (पुगलिया) से पोर्टा सान विग्गियो–पियाजा डी–इटालिया पर पहुंचे और शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहां स्थित पंजीकृत संगठन नोन रेजिडेंट इंडियन एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्वनाथ माली ने वहां से शासकीय अनुमति के लिए आवेदन किया तथा अनुमति मिलने पर जुलूस निकाला था।

**हम दुनिया को संदेश देना चाहते हैं**

एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी लालचंद तंवर ने बताया कि हमने नॉन रेजिडेंट इंडियन एसोसिएशन के तत्वाधान में विश्वनाथ माली के नेतृत्व में इटली में स्थानीय पुलिस से अनुमति लेकर फिर इटली में कैंडल मार्च निकाला। हमारे यहां लाडनूं, सुजानगढ़ व आस पास के क्षेत्रों के सभी भारतीयों ने मिलकर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की और हमने दुनिया को ये संदेश दिया कि भारतीय चाहे कहीं पर भी रहें, वे अपने देश के लिए वफादार है। उन्होंने बताया कि पुलवामा घटना के बाद से हम सब में पाकिस्तान के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। इस कार्यक्रम में लालचंद तंवर व विश्वनाथ माली के अलावा संजय यादव, सांवरमल, लीलाधर जांगिड़, विजय कुमार, पवन कुमार माली, सुभाष सैनी, सुशील तंवर, बिहारी लाल सैनी, हनुमान नाथ, सत्यपाल सैनी, मदन भाटी, सांवर मल सैनी, हजारी सैनी सहित बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग शामिल हुए। गौरतलब है कि लाडनूं व सुजानगढ़ क्षेत्र से बड़ी तादाद में लोग बरसों से इटली में रोम, पादवा, लिचे आदि स्थानों पर रह रहे हैं।



# 'स्त्री' ने मेरे कैरियर को बदल दिया : फ्लोरा सैनी

2018 की हिट फिल्म 'स्त्री' में अभिनेत्री फ्लोरा सैनी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस हॉरर–कॉमेडी फिल्म ने उनके करियर को नई ऊंचाई दी। वह कहती हैं कि 'स्त्री ने मेरे करियर को बहुत बदल दिया है। अधिकतर लोगों ने स्त्री देखी है और एक सफल फिल्म का हिस्सा होना गर्व की बात है। लोग आपके अभिनय की क्षमता पर शक नहीं करते। वह जानते हैं कि जरूरत पड़ने पर आप अच्छे न दिखने के बावजूद अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

फिल्म की लाइन 'ओ स्त्री कल आना' काफी मशहूर हो गई है। यहां तक कि कास्टिंग डायरेक्टर भी मजाक करते हैं कि स्त्री ऑडिशन के लिए कल आना। इसलिए स्त्री फिल्म ने मेरी बहुत मदद की। एक सफल फिल्म से आपको आत्मविश्वास मिलता है, जो मुझे स्त्री से मिला।' फ्लारा वेब सीरीज 'गंदी बात सीजन 2' में भी नजर आ चुकी हैं। इस समय वे अपनी अगली फिल्म 'फ्रॉड सइयां' की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। वह कहती हैं कि 'यह एक कॉमेडी फिल्म है, जो असली कहानी पर बनी है। मुझे लगता है कि दर्शकों को संदेश देने का यह सबसे अच्छा तरीका है।'

# माली समाज महाकुंभ खेल प्रतियोगिता का समापन, 44 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान








## समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन

जालोर। शहर के बिशनगढ़ रोड़ पर तीन दिवसीय माली समाज खेल महाकुंभ का समापन रविवार को हुआ। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि समदड़ी विकास अधिकारी ने अतुल सोलंकी ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा की महत्ती आवश्यकता है। ऐसे में समाज में शिक्षा का बढ़ावा देना जरुरी है। वहीं उन्होंने बालिका शिक्षा पर भी जोर देने की बात कही। डॉ. कृष्ण कुमार सुंदेशा ने कहा कि समाज में ऐसे खेल महाकुंभ के आयोजन होने से समाज में एकजूटता व भाईचारे का बढ़ावा मिलता है। इस दौरान भवरलाल सुंदेशा, डा मोहनलाल सुन्देशा, नेतीराम, अनिल गहलोत, एडवोकेट मुकेश सांखला, विक्रम सोलंकी, छगनलाल, जोधाराम, किशन सुंदेशा, सुरेश सोलंकी, हिम्मताराम, सोमाराम, विरेन्द्र, केशराम, सुजाराम, भीमाराम, रतनलाल, अशोक सुन्देशा, प्रकाश परमार, राजूभाई व जयेश गहलोत, रिकुं सुंदेशा सहित कई समाज के लोग मौजूद रहे।

तीन दिन में कई खेल प्रतियोगिता हुई आयोजित : ऑयल मिल के सामने खेल मैदान में आयोजित हुए माली समाज खेल महाकुंभ के तीन दिन कई प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया। जिसमें किक्रेट, कब्बडी, वालीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, म्यूजिकल चेयर, रस्सा कस्सी, व महिलाओं के लिए रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन का आयोजन किया गया था।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता में यह रहे विजेता : तीन दिवसीय खेलकुद के दौरान क्रिकेट प्रतियोगिता में यूवी किक्रेट क्लब विजेता व बालाजी किक्रेट क्लब उपविजेता रही। कब्बडी में पीपाड़ शहर विजेता व पीपाड़ रोड उपविजेता रही। वालीबॉल में वीर सैनी पीपाड विजेता व बालोतरा उपविजेता रही। मेहंदी प्रतियोगिता में अम्बा सुन्देशा प्रथम स्थान पर व संतोष द्वितीय स्थान पर रही। म्यूजिकल चेयर मे सविता सुन्देशा प्रथम, स्नेहा द्वितीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतायोगिता में सलोनी सुन्देशा प्रथम व अम्बा सुन्देश द्वितीय स्थान पर रही। टेबिल टेनिस में विकास सोलंकी प्रथम, धन्नजय गहलोत द्वितीय स्थान पर, बैडमिंटन में ललित कुमार टांक प्रथम, यशवत सोलंकी, भावेश परमार, उषा सोलंकी प्रथम व ललित कुमार, डायालाल परमार, कोमल सुन्देशा द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं विजेता सभी खिलाडियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी प्रस्तुतिया : खेलकुद समापन के अवसर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें समाज के छात्र–छात्राओं ने बढ़ चढकर हिस्सा लेते हुए प्रस्तुतियां दी।

समारोह में 44 प्रतिभाओं का किया सम्मान : खेलकुद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर माली समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान समाज के बोर्ड परीक्षा में उत्कर्ष परिणाम व सरकारी भर्ती में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। जिसमें समाज की 44 प्रतिभा सम्मानित हुई। वहीं प्रतिभा सम्मान समारोह के भामाशाह जगदीश सुंदेशा, तेजाराम माली, किरण माली, जोधाराम, किशन कुमार, छगन सुंदेशा की उपस्थित रही।

इससे पूर्व खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ बिशनगढ रोड स्थित ऑयल मिल के सामने खेल मैदान में समदड़ी विकास अधिकारी अतुल सोलंकी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। आयोजन समिति के नारायण सोलंकी ने बताया कि खेल मैदान में समाज के लोगों व खिलाडियों ने पुलवामा में हुए आतंकी हमले में जवान शहीदों को श्रद्धांजलि देकर खेल का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि विकास अधिकारी ने कहा कि ऐसे खेलों के आयोजन से समाज में एकजुटता बढ़ती है। समय – समय पर ऐसे आयोजन होना आवश्यक है। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष भबूताराम सोलंकी, अनिल गहलोत, लेहराराम माली, नितिन सोलंकी, छगन सुन्देशा, रमेश सोलंकी, जगदीश सुन्देशा, गजेंद्र सुन्देशा, हकमाराम माली, एडवोकेट मुकेश सांखला, अशोक सुन्देशा, तेजाराम माली, रवि सोलंकी, देशाराम माली, जयंतिलाल, कन्हैयालाल गहलोत, सुरेश माली व जयेश गहलोत सहित कई लोग मौजूद रहे। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान कुल 38 टीमों में भाग लिया। जिसमें क्रिकेट खेल में 16, कबड्डी में 11, वालीबॉल में 11 टीमें खेल रही है। साथ ही अन्य खेलकूद जैसे बेडमिंटन, टेबल टेनिस जैसे खेल में समाज के बड़ी संख्या में युवा हिस्सा ले रहे है। वहीं प्रतियोगिता को लेकर माली समाज के लोग पिछले तीन माह से तैयारियों में जुटे हुए थे।

खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन कई रोचक मुकाबले हुए जिसमें महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता हुई प्रमुखः रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता विशेष रही। प्रतियोगिता को लेकर समाज की महिलाएं तैयारियों में जुट गई थी। माली समाज द्वारा शुक्रवार को शुरु हुई प्रतियोगिता को लेकर समाज में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रथम दिन बड़ी संख्या में के पुरुष, महिलाएं व बालक–बालिकाओं ने खेल का आनंद लिया। वहीं आयोजित हो रही प्रतियोगिता के दौरान समाज बड़ी संख्या में समाज के खिलाडियों ने भी भाग लिया।

संतों ने आशीर्वाद के रूप में सभी दूल्हों को हेलमेट वितरित किए, नैनी बाई का मायरा कथा भी हुई

# भोपालगढ़ में माली समाज के 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह धूमधाम से हुआ



भोपालगढ़। भादवों की ढाणी के पास माली समाज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन के महाकुंभ का आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन समिति के संगठन मंत्री रामस्वरूप देवड़ा ने बताया कि 17 जनवरी की देर रात तक संगीत वेला की रस्म निभाई गई। इसमें पीपाड़ से आए मेहमानों ने घूघरा गेर का नृत्य भी किया। संगीत वेला की रस्म में सभी 51 दुल्हनें मौजूद रहीं। सुबह 7 बजे विवाह सम्मेलन के महाकुंभ में 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। महिलाओं ने मंगल गीत गाए। सम्मेलन के साथ ही संत रामप्रसाद महाराज द्वारा नैनी बाई के मायरा का आयोजन भी किया। सम्मेलन के दौरान प्रशासन ने भी पूरे दिन व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अपनी अहम भूमिका निभाकर अपना फर्ज अदा किया व अधिकारियों ने वर–वधू के मंगल जीवन की कामना की व बधाइयां दी। वर–वधू को खेड़ापा महंत पुरूषोत्तमदास जी महाराज, महामंडलेश्वर कुशाल गिरी महाराज ने सभी वर को हेलमेट देकर जीवन रक्षा के लिए नई पहल की। इस महाकुंभ में उपखंड अधिकारी रामानंद शर्मा, तहसीलदार नानगाराम चौधरी, नायब तहसीलदार कैलाश इनानिया, थानाधिकारी मीठूलाल के पूर्ण सहयोग से सारी व्यवस्था माकूल रही। इस दौरान पाली के पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, राजेन्द्र सोलंकी पूर्व जेडीए अध्यक्ष, तहसीलदार मेड़ता विशनाराम देवड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जाखड़, डूंगरराम सोलंकी, मोहनराम देवड़ा, शिवकरण सैनी, जयप्रकाश देवड़ा, प्रेमाराम भाटी, कोजाराम सोलंकी, कालूराम भाटी, हुकमाराम देवड़ा, जीवनराम सोलंकी, रामदीन देवड़ा, पांचाराम सोलंकी पालड़ी सहित समाज के सभी मौजूद थे। कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति के संगठन मंत्री रामस्वरूप देवड़ा ने सभी मेहमानों व कार्यकर्ताओं का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। मंच संचालन हेमसिंह सोलंकी ने किया।

**विवाह सम्मेलन में 51 हजार की राशि भेंट की :–** लाल बूंद जिंदगी रक्षक सेवा संस्थान द्वारा माली समाज के प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहयोग राशि 51 हजार रूपए भेंट किए। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल कच्छवाह व लिखमाराम पंवार ने बताया कि माली समाज द्वारा सामूहित विवाह के माध्यम से समाज में फिजूल खर्ची को रोकने के लिए अच्छा संदेश दिया है। इसको देखते हुए यह राशि भेंट की गई। इस दौरान केवलराम देवड़ा, प्रकाश देवड़ा धोरू, नाथूराम गहलोत, सुरेश टाक, महेंद्र टाक, श्रवण भाटी व श्याम सभी विवाह में मौजूद थे।



## 5 दिवसीय सेल्फ डिफेंस कैंप मिशन शक्तिमें 180 लड़कियों ने लिया भाग

# जोधपुर में सावित्री बाई फूले जयंति पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



जोधपुर। माली संस्थान जोधपुर द्वारा भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई की 188वीं जन्मतिथि पर 5 दिवसीय आत्मरक्षा शिविर मिशन शक्ति का आज समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर माली संस्थान अध्यक्ष पुखराज सांखला, सुमेर महिला महाविद्यालय की प्रचार्या निधी परिहार, सुमेर शिक्षण संस्थान के कार्यकारिणी सदस्य युधिष्ठर परिहार, माली सैनी संदेश के संपादक मनीष गहलोत, ऑल इण्डिया माली सैनी युवा महासभा के प्रदेशाध्यक्ष विमलेश गहलोत, माली महासभा के प्रदेश मंत्री नृसिंह गहलोत के साथ समाज के प्रबुद्वजन उपस्थित थे।

जोधपुर माली युवा शक्ति के अध्यक्ष विरेन्द्र चौहान ने बताया कि 5 दिवसीय शिविर में लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए विभिन्न तकनीकों को ट्रेनर प्रदीप देवड़ा व निरमा पटेल द्वारा दी गई। प्रदीप देवड़ा ने कोर्स के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग के अंतर्गत लड़कियों को मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत बनना सिखाया गया। रेप या रेप की कोशिश जैसी मुश्किल घड़ी से जूझ रही लड़कियां सहम जाती हैं और उनके होश फाख्ता हो जाते हैं कि वह ऐसे समय में कैसे मुसीबत के समय डर कर सहम जाने की जगह पुरी हिम्मत से उसका डटकर सामना करना चाहिए। लड़कियों को ट्रेनिंग के दौरान शरीर के कमजोर अंगों की रक्षा करने और सामने वाले के इन्हीं हिस्सों पर वार करना सिखाया गया। लड़कियों को सभी तरह की घरेलू तकनीकों का इस्तेमाल कर अपना बचाव करना सिखाया गया,जिसमें पेन, पिन, मोबाइल, पर्स, रिंग, हाथों का कड़ा, आदि का हथियार रूप में प्रयोग करना सिखाया गया। हथेली अटैक, घुटना अटैक व साथ ही कोहनी अटैक से शत्रु के कमजोर हिस्से जैसे कि आँखें, नाक, जबड़ा, कान, गर्दन, पेट, जांघो आदि पर अटैक करना सिखाया गया। लड़कियों को लोअर किक भी बताई गई जिसका उपयोग शत्रु के प्राइवेट पार्ट पर किया जाता।

कैंप में भाग लेने वाली सभी लड़कियों को माली संस्थान जोधपुर द्वारा सार्टिफिकेट प्रदान किए गए तथा 5दिवसीय कैंप को सफल बनाने के लिए विशेष सहयोग प्रदान करने हेतु ट्रेनर प्रदीप देवड़ा, निरमा पटेल के साथ ही जोधपुर माली युवा शक्ति टीम के उपाध्यक्ष राजकुमार सोलंकी, सचिव सुमित गहलोत, कोषाध्यक्ष ईश्वर पंवार, सह–सचिव कैलाश टाक, राघवेन्द्र टाक, संदीप गहलोत, मनोज टाक को माली संस्थान जोधपुर द्वारा मोमेण्टो देकर सम्मानित किया गया। इस सफल आयोजन में सुमेर स्कुल प्राचार्य गजेन्द्र टाक के साथ ही सुमेर महाविद्यालय के लेक्चरार डॉ. विनोद गहलोत ने भी अपनी सेवाएं प्रदान की।

**माली संस्थान द्वारा समाज की महिलाओं का स्नेह मिलन** : इसी कड़ी में माली संस्थान जोधपुर द्वारा भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई की 188वीं जन्मतिथि पर रविवार 6 जनवरी, 19 को समाज की केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं प्राईवेट सेक्टर के साथ स्व स्थापित व्यवसायी, अध्यापिकाएं एवं रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन संत श्री रामसिंह भाटी मेमोरियल हॉल में 6 जनवरी को प्रातः 11 बजे आयोजित किया गया। आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए अध्यक्ष पुखराज सांखला ने बताया कि इस प्रकार का यह पहला प्रयास है जिसमें समाज की मातृशक्ति को सामाजिक मंच प्रदान कर अपनी योग्यता एवं प्रतिभा से समाज एवं देश के लिए सेवाएं प्रदान कर रही महिलाओं को अपने विचारों एवं अनुभवों को साझा करने का मौका मिल रहा है। इस स्नेह मिलन आयोजन में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका को पुष्पाजंलि अर्पित करने के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इस आयोजन के माध्यम से समाज में महिला सशक्तिकरण के साथ ही महिलाओं हेतु संस्थान द्वारा योजना तैयार की जाएगी। प्रथम स्नेह मिलन में समाज की विभिन्न उच्च प्रशासनिक पदाधिकारी, साईटिंस्ट, डॉक्टर, लेक्चरार, अध्यापिकाऐं आदि महिलाओं ने भाग लिया इस आयोजन के प्रति महिलाओं में अपार उत्साह देखा गया। इस आयोजन के पश्चात स्नेह भोज का आयोजन भी श्री युधिष्टर सिंह परिहार, परिहार स्वीट्स वालों की तरफ से रखा गया था।

**नेत्र जांच शिविर में 150 मरीज हुए लाभान्वित** : जोधपुर माली युवा शक्ति व एएसजी आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में नेत्र जांच शिविर में 150 मरीज लाभान्वित हुए कैंप में डॉक्टर शक्ति सिंह जी व डॉक्टर सवाई सिंह जी ने अपनी सेवाएं दी टीम संरक्षक श्री पुखराज सांखला द्वारा डॉक्टरों का सम्मान किया गया टीम सलाहकार राजेश जी गहलोत, कुंती देवड़ा, अरविंद परिहार माली सैनी संदेश से मनीष गहलोत ने कैंप मे अपनी उपस्थिति दी टीम अध्यक्ष विरेंद्र चौहान सचिव सुमित गहलोत कोषाध्यक्ष ईश्वर पवार उपाध्यक्ष राजकुमार सोलंकी संगठन मंत्री दशरथ गहलोत सह संगठन मंत्री आयुष चौहान अशोक गहलोत स सचिव कैलाश टाक राघवेंद्र सांखला संदीप गहलोत राहुल सांखला मनोज टाक राजू कच्छावा नेवला राम राहुल भाटी मैं कैंप में अपनी सेवाएं दी।



# कर सलाहकार ने बिना दहेज के करी बेटे की शादी, सिर्फ नारियल लिया

सरदार शहर। शहर के वार्ड 26 के कर सलाहकार गोगराज सैनी ने बेटे की शादी बिना दहेज कर मिसाल पेश की है। दुल्हन पक्ष से सिर्फ एक रुपए नारियल लिया है। सरदारशहर के वार्ड नौ के गोपालाराम सैनी की बेटी विनिता से 25 जनवरी को बेटे विशाल सैनी की शादी हुई। दुल्हन के पिता ने फेरे की रस्मों के बीच लेनदेन, नकदी सहित सभी रीति–रिवाज पूरे करने की जिद की। दूल्हे के पिता गोगराज ने शादी में हर चीज के लिए साफ मना कर दिया। दूल्हा विशाल लॉ कॉलेज में फाइनल ईयर का स्टूडेंट है और दुल्हन विनिता सैकंड इयर की छात्रा है।

गोगराज सैनी ने बताया कि शादियों में दहेज की कामना रखने वालों को संदेश देने के लिए ये पहल की है। बहू के रूप में कन्या धन की प्राप्ति होने के बाद दहेज कोई मायने नहीं रखता। बदलते दौर में दहेज प्रथा एक बड़ी बुराई है। इन्हीं विचारों की जीवन में अपनाते हुए मिलनियों में न अंगूठी और न ही कंबल लिए। बेटे विशाल ने बताया कि शादी तय होने के साथ ही पिताजी ने साफ कह दिया था वे बिना दहेज शादी करेंगे। आज देशभर में कहीं न कहीं कन्याओं पर 'दहेज' की कामना को लेकर अत्याचार हो रहे हैं, हजारों–लाखों घर यूं ही फिजूल के दिखावे में बर्बाद हो रहे हैं। दहेज के रूप में लिया गया धन, सामान की वेल्यू ही क्या है, जब दो परिवारों का रिश्ता आपस में जुड़ा और बहू के रूप में बेटी ही हमें सौंप दी। दहेज रहित शादियों के चलने से सुखी और गृहस्थ जीवन की नींव भी मजबूत होगी।

# बहन की शादी में भाई ने 101 बारातियों को बांटे हेलमेट, ताकि हादसों में बच सके जिंदगी

नागौर। बालिका शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक भाई ने अपनी बहन की शादी में 101 बारातियों को हेलमेट का वितरण किया। जिला साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष तिलोकचंद देवड़ा द्वारा अपनी बहन की शादी में बुधवार को 101 बारातियों को हेलमेट दिए गए। इस मौके पर कृपाराम देवड़ा, प्रेम प्रकाश देवड़ा, नंदलाल देवड़ा और सरपंच आसाराम भाटी, राधा कृष्ण गहलोत आदि समाज के लोग भी मौजूद थे। सामाजिक परम्पराओं के निर्वहन के लिए समाजों में बारातियों को शादी के मंगल अवसर पर स्मृति के लिए कन्या पक्ष द्वारा कुछ उपहार दिए जाते रहे है जो कुछ पल की खुशी देते है। मगर ताऊसर में उपाध्यक्ष नागौर जिला सॉफ्टबॉल संघ, कांकरिया विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति सदस्य देवड़ा ने उपहार के रूप में हेलमेट देकर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। जिसकी लोगों ने सराहना की।

ऐसे उपहार देने चाहिए, जो किसी का बचा सकें जीवन

तिलोकचंद देवड़ा ने बताया कि अक्सर अखबार और टीवी न्यूज चौनलों में देखते की यदि हेलमेट होता तो शायद जीवन बच जाता या बाइक सवार को इतनी गहरी अंदरुनी चोट के कारण कोमा में नहीं जाना पड़ता या ठीक होने में लंबा समय, पैसा खर्च नहीं होता। ऐसी घटनाओं को देखने के बाद बहन के शादी के कार्ड बालिका शिक्षा और बारातियों को हेलमेट वितरण का निर्णय लिया गया। ऐसी घटनाओं ने हमें प्रेरित किया कि जीवन रक्षक उपहार दिए जाएं इससे सरकार की न्यायालय की भावना व इच्छा का भी सम्मान होगा। इस अवसर पर पवन, सुरेश आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

# गायत्री सैनी समाज रत्न अवार्ड से सम्मानित



सवाई माधोपुर। जिले में दिनांक 3 जनवरी को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर आयोजित सावित्रीबाई फुले मुर्ति अनावरण कार्यक्रम के तहत समाज में विभिन्न स्तरों पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 9 व्यक्तियो के साथ साथ लाखेरी की समाज सेविका श्रीमती गायत्री सैनी को भी समाज रत्न अवार्ड से समाज के जिलाध्यक्ष कमलेश बारवाल ने सम्मानित किया।

जिला प्रवक्ता राजेश सैनी के अनुसार कार्यक्रम प्रातः नो बजे आलनपुर छाबडी चौक में कलशो का पुजन मुख्य अतिथि श्रीमती मनोरमा शुक्ला ( प्रधान खण्डार), विशिष्ठ अतिथि श्री रतनलाल जैन ने कलश यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किया शोभायात्रा भगवामय घोड़े, रथ, गाजे बाजे, आतिशबाजी के साथ विभिन्न मार्गो से होती हुई हाऊसिंग बोर्ड स्थित सैनी छात्रावास कार्यक्रम स्थल पर पहूची वहां पर दोपहर 12 बजे जिलाध्यक्ष कमलेश बारवाल, उपाध्यक्ष कैलाश सैनी, कोषाध्यक्ष कुंजीलाल सैनी, संरक्षक कैलाशनारायण माली, प्रभारी प्रभुदयाल सैनी, जिला प्रवक्ता राजेश सैनी, ने फिता काटकर मुर्ति अनावरण किया।

अपराह्न तीन बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम में निशा सैनी, निक्की सैनी, बुद्धिप्रकाश सैनी, रेखा सैनी एवं मनराज धणोली ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। जिला कार्यकारिणी के द्वारा कार्यक्रम में बाहर से पधारे समाज बंधुओं का साफा बंधवाकर, माला पहनाकर अभिवादन करते हुए मोमेटो भेंट किए एवं सावित्रीबाई फुले जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान हजारों की संख्या में महिला, पुरुष समाज बंधु उपस्थित थे।

# हर्षिता ने एम. टेक में मिला स्वर्ण पदक

रेवाड़ी। समाज की बेटी हर्षिता सैनी ने इलेक्ट्रॉनिक साइंस से यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्हें एम टेक करने में स्वर्ण पदक से भी नवाजा गया हैं। हिंदी साहित्य के कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद ने कहा है कि लड़कियां जब बढ़ती हैं तो रुकने का नाम नहीं लेती रेवाड़ी की बेटी हर्षिता सैनी ने यह कथन सत्य कर दिखाया.उसने न केवल एम.टेक. में इलेक्ट्रॉनिक साइंस से यूजीसी नेट पास करने में सफलता पाई, बल्कि स्वर्ण पदक भी हासिल किया है।

धारूहेड़ा में कबीर पब्लिक स्कूल के संचालक व रेवाड़ी के एलिगेंट सिटी निवासी दिनेश सैनी की होनहार पुत्री हर्षिता को राजस्थान के लक्ष्मणगढ़ स्थित मोदी विश्वविद्यालय ने स्वर्ण पदक से नवाजा है. उसे यह सम्मान एम.टेक में सराहनीय प्रदर्शन के लिए दिया गया है.सम्मान समारोह में राज्यसभा के डिप्टी स्पीकर हरिवंश नारायण सिंह ने उन्हें सम्मानित किया।

हर्षिता ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने पिता दिनेश सैनी, माता सुनीता सैनी व बड़े भाई फ्लाइंग लेफ्टिनेंट निशांत सैनी को दिया।

माली सैनी संदेश परिवार हर्षिता को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है साथ ही समाज की युवा शक्ति को हर्षिता से जीवन में चुनोतियों से कैसे जीता जाए तथा सफलता प्राप्त कर समाज व देश को गौरवान्वित करने की सीख लेने की अपील करता है।

# सैनी समाज का 6वां 15 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन व महात्मा ज्योतिबा फुले व सोहन लाल सैनी मूर्ति हुआ अनावरण



जयपुर । महात्मा फुले ब्रिगेड़ संस्था एवं ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज रजि. के संयुक्त तत्वावधान में बंसत पंचमी के मौके पर राजनोता के ग्राम दादूका में सैनी समाज का 6वां 15 जोड़ो का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन व महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सोहन लाल सैनी की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम केन्द्रीय मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन लाल सैनी के मुख्य आतिथ्यि व ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्रातः 10 बजे बैंड बाजे के साथ दूल्हे घोड़ी पर सवार होकर विवाह स्थल पर पहुचे द्य उसके पश्च्यात समाज के रीति रिवाज के अनुसार सभी रस्मे पूरी की गई एवं 15 जोड़े पाणिग्रहण संस्कार में बंधे विवाह सम्मेलन में आये अतिथियों द्वारा वर –वधु को आशीर्वाद दिया ।

ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज रजि. के प्रदेश महासचिव रमेश चन्द सैनी रहमानदिया ने बताया कि आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन व मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम की शुरूआत संत श्री1008 मोहनदास महाराज लीलकाधाम, मंगलदास महाराज टोरड़ा गुजरान, जानकीदास महाराज कोटपूतली द्वारा दीप प्रज्जवलित की गई। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सम्बोधित करते हुए आयोजकों को ऐसे आयोजन करने पर आभार जताते हुए कहा कि सामूहिक विवाह करना अच्छी पहल है, इससे फिजुल खर्ची नहीं होती है साथ ही समाज में एक–जुटता से सामाजिक मजबूती भी मिलती है। ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी ने कहा कि समाज उत्थान के लिये ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए साथ ही समाज उत्थान के लिये समाज के लोगों को अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना है। उन्होंने समाज के लोगों को महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शो पर चलने व चलकर समाज को एक नई दिशा देने का आव्हान किया। उन्होंने आल इंडिया सैनी सेवा समाज के प्रदेशाध्यक्ष राम सिंह सैनी की प्रशंसा करते हुये कहा कि इन्होंने महात्मा फुले के विचारों को जन जन तक पहुचने का कार्य किया है एवं समाज की सेवा में हमेशा ततपर रहते है द्य भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन लाल सैनी ने कहा कि समाजिक स्थिति को मजबूत करने के लिये समाज अपने बच्चों–बच्चियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दे। ताकि समाज में शिक्षा का स्तर ओर अधिक मजबूत हो सके। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष अशोक भादरा, विराट नगर विधायक इन्द्रराज गुर्जर, ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार सैनी, भाजपा नेता मुकेश गोयल, पूर्व विधायक डॉ. फूल चन्द भिण्डा ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज रजि. के युवा प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र खुराडिया, उद्यागपति नरेन्द्र कुमार सैनी प्रयागपुरा, सुंदरमल सैनी नीमकाथना, महात्मा ज्योतिबा फुले ग्रुप चौमूं निदेशक कैलाशराज सैनी, विशिष्ट अतिथि ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजमल सैनी, जीएल सैनी, राष्ट्रीय कार्यालय सचिव राजेश सैनी, हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष हंसराज सैनी, महिला प्रकोष्ठ पूर्वी राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष गायत्री सैनी, प्रदेश महासचिव रमेश चन्द सैनी रहमानदिया टोंक , प्रदेश महामंत्री तेजपाल सैनी, राष्ट्रीय फुले बिग्रेड़ राष्ट्रीय महासचिव बलदेव सैनी, प्रदेशाध्यक्ष ललिता सैनी मेहरवाल, दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष इन्द्रा सैनी, उत्तर प्रदेश प्रदेशाध्यक्ष रितु शाक्या, उत्तराखण्ड प्रदेशाध्यक्ष कृष्णा सैनी, महाराष्ट्र प्रदेशाध्यक्ष दत्तात्रेय माली, जयपुर महासचिव मुकेश सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर लाल सैनी, प्रदेश संगठन मंत्री भरत सैनी, सीताराम सैनी श्रीमाधोपुर, डॉ. आर.के. सैनी जयपुर, शाहपुरा पूर्व चैयरमेन बद्री प्रसाद सैनी, रामअवतार सैनी जयपुर, ओ.पी. सैनी बानसूर, के एल सैनी राजगढ़, पप्पू प्रधान अलवर, कोटपूतली चैयरमेन महेन्द्र कुमार सैनी, विराटनगर चैयरमेन रेणुका सैनी, तिजारा चैयरमेन उर्मिला सैनी, राजगढ़ चैयरमेन ज्योति सैनी, रामचन्द्र सैनी तिजारा, ओम राजौरिया जयपुर, ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज रजि. अलवर जिलाध्यक्ष नंदलाल सैनी, अलवर सैनी महासभा जिलाध्यक्ष पूरण सैनी, सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अलर अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी, सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति राजगढ़ अध्यक्ष सर्वेश सैनी, तिजारा पूर्व चैयरमेन कमलेश सैनी, डॉ. कृष्ण कुमार सैनी राजगढ़, डॉ. विनोद सैनी, प्रभातीलाल सैनी चौमू, अचरोल सरपंच भगवती सहाय सैनी, समाजसेवी रामसिंह सैनी दिल्ली, सैनी समाज चौमू अध्यक्ष मदन लाल सैनी, घींसालाल सैनी चौमू, बिरधीचंद सैनी काटपूतली, फुले विचार वाटिका सम्पादक गोपाल माली, विराटनगर पूर्व चैयरमेन केसर देवी, भागीरथ सैनी, पिंकी सैनी, पूर्व चैयरमेन कोटपूतली बुद्धराम सैनी, प्रकाश चंद सैनी, बद्रीप्रसाद सैनी ठेकेदार विराटनगर, एडवोकेट मुकेश सैनी, अशोक कुमार सैनी, कृष्णा सैनी, विनोद सैनी, पीएन सैनी जयपुर, अशोक कुमार सैनी सीकर, प्रहलाद सहाय सैनी कोटपूतली , कृष्ण सैनी , हर्वेश सैनी सम्पादक माली लहर आदि का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष व महात्मा फुले ब्रिगेड़ संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज रजि. के प्रदेशाध्यक्ष रामसिंह सैनी दादूका पावटा के नेतृत्व में संरक्षक कोटपूतली पूर्व चैयरमेन शंकर लाल सैनी, हनुमान सैनी कोटपूतली, संयोजक जगदीश खेमजी कोटपूतली, सचिव रामनिवास सैनी ललाणा, कैलाश सैनी, रामवतार सैनी आढ़तिया, हरिराम सैनी , रामप्रताप सैनी आढ़तिया प्रागपुरा , बजरंग लाल सैनी , गणेश सैनी , राम स्वरूप सैनी आढ़तिया , राजू सैनी आढ़तिया , नत्थू राम सैनी अमीन , मनोहर लाल सैनी , उपाध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश सैनी कराणा, हजारीलाल सैनी बानसूर , मातादीन सैनी मुनीम , महामंत्री पूर्व सरपंच राम कुवार सैनी , पूर्व सरपंच देवकरण सैनी , कोषाध्यक्ष प्रहलाद सैनी भगत, रोहिताश सैनी , सलाहकार पूर्व सरपंच देवकरण सैनी, पूर्व सरपंच गोकुल सैनी, रामेश्वर सैनी , मक्खन लाल सैनी पावटा , एडवोकेट ओम प्रकाश सैनी आतेला , मुख्य सचिव रामनिवास सैनी , संगठन मंत्री शिम्भू दयाल सैनी बड़ागांव , रामस्वरूप सैनी बड़ागांव , डॉक्टर उदय चन्द सैनी मालोनी नारायणपुरा , सह संगठन मंत्री बाबू लाल सैनी ने कार्यक्रम में आये अतिथियों का माला , साफा एवं प्रतीक चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया ।

## नागौर के हर्षित भाटी का नेट में चयन



मेहनत सफलता की कुंजी है यह कहावत चरितार्थ की है नागौर के लाडले हर्षित भाटी ने। मात्र 21 वर्ष की आयु में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट उत्तीर्ण कर हर्षित ने ना केवल अपने परिवार बल्कि समाज और विद्यार्थियों के समक्ष एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

19 मार्च 1997 को जन्म लेने वाले हर्षित भाटी ने दसवीं तक की शिक्षा शारदा बाल निकेतन विद्यालय नागौर में पूर्ण की। तत्पश्चात हायर सेकेंडरी व सीनियर हायर सेकेंडरी की परीक्षा 85.30 प्रतिशत के साथ नगर के सेंट जीवियर्स विद्यालय से उत्तीर्ण की। हर्षित ने जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर से अंग्रेजी, भूगोल व इतिहास विषय लेकर 66प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्नातक उत्तीर्ण की। वर्तमान में हर्षित भूगोल विषय मे स्नातकोत्तर की शिक्षा जयपुर के सुबोध पीजी कॉलेज से प्राप्त कर रहे हैं।

हर्षित ने राजस्थान विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत अपनी बड़ी बहन ज्योत्सना भाटी से निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए यह सफलता हासिल की है। हर्षित के पिता बालकिशन भाटी वरिष्ठ अध्यापक के पद पर कार्यरत है तथा माता संगीता भाटी भी हिंदी विषय की व्याख्याता है। हर्षित अपनी सफलता का श्रेय अपनी कॉलेज के सभी गुरुजन के साथ साथ जय नाराण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के प्रोफेसर डॉ अश्विनी आर्य, डॉ जयसिंह राठौड़ तथा डॉ एस के हरित को देते हैं । साथ ही पूर्व में शिक्षक रहे राजाराम टाक द्वारा प्राप्त ज्ञान को भी इस सफलता का एक मुख्य अंग मानते हैं। शांत व सहज स्वभाव के हर्षित अपने दाहिने हाथ का अध्ययन में प्रयोग नहीं कर सकते क्योंकि हर्षित के दाहिने हाथ में दो अंगूठे हैं जो लिखने व पकड़ने में दिक्कत करते हैं।

ज्ञात रहे कि यू जी सी द्वारा यह पात्रता परीक्षा नेट पूर्व में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाती थी। परन्तु 2018 से अब यह परीक्षा NTA द्वारा आयोजित करवाई जा रही है। एन टी ए को एक प्रमुख, विशेषज्ञ, स्वायत्त व स्वसंचालित संस्था के रूप में स्थापित किया गया है जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करवाती है।

## पुलवामा में शहीद हुए सपूतों को समाज के युवा द्वारा 50 हजार का आर्थिक सहयोग




जयपुर। जयपुर में भारतीय सेना की विभिन्न भर्तियों हेतु कोचिंग सेंटर चलाने वाले Turning Point Coaching Centre के डायरेक्टर युवा ओ. पी. सैनी ने पुलवामा में राजस्थान के शहीद हुए सपूतों के लिए प्रत्येक शहीद को रु50,000 का सहयोग दिया है साथ ही परिवार के सदस्यों को निशुल्क कोचिंग देने का निर्णय लिया है।

इससे पूर्व भी ओ. पी. सैनी ने माली सैनी संदेश पत्रिका द्वारा जोधपुर में आयोजित कैरियर काउंसलिंग शिविर में भी सहयोग प्रदान किया था व कोचिंग संस्थान में समाज के युवाओं को विशेष डिस्काउंट भी दिया था।

माली सैनी संदेश परिवार ओ. पी. सैनी का हार्दिक आभार प्रकट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता है

## विजय भाटी बनें अजमेर विद्युत निगम के एमडी



**आसान नहीं होता जूनियर इंजीनियर से डिस्कॉम का एमडी बनना। पर वीएस भाटी ने यह सफलता हासिल की। गहलोत सरकार की योजनाओं पर अमल होगा।**

अजमेर। 16 फरवरी को इंजीनियर वी. एस. भाटी ने अजमेर विद्युत वितरण निगम (डिस्कॉम) के प्रबंध निदेशक का पदभार संभाल लिया। डिस्कॉम का एमडी बनते ही भाटी ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की सभी योजनाओं की क्रियान्विति जल्द से जल्द करवाई जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि योजनाओं का लाभ जरुरतमंद तक पहुंचे। सरकार ने उन पर जो भरोसा जताया है उस पर वे खरा उतरेंगे। हालांकि प्रदेश के 13 जिलों में बिजली प्रबंधन का कार्य चुनौती पूर्ण है, लेकिन डिस्कॉम के साथी इंजीनियरों को साथ लेकर वे चुनौती को स्वीकार करेंगे। उनका प्रयास होगा कि बिजली चोरी और छीजत को कम करें और बकाया राजस्व की वसूली सख्ती के साथ की जाए। भाटी ने डिस्कॉम से जुड़े लाखों उपभोक्ताओं को भरोसा दिलाया है कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करवाया जाएगा। शिकायतों की निगरानी वे स्वयं करेंगे। जनप्रतिनिधियों को भी पूरा सम्मान दिया जाएगा।

**जूनियर इंजीनियर से एमडी तक**

भाटी अजमेर में ही जूनियर इंजीनियर के तौर पर बिजली महकमे में नियुक्त हुए थे। बहुत कम लोगों को पता होगा कि भारी अजमेर के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खेल प्रशासक स्व. मूलचंद चौहान के दामाद हैं। भाटी की पत्नी श्रीमती मधु चौहान अजमेर में ही आयकर अधिकारी के पद पर नियुक्त हैं। जूनियर इंजीनियर से डिस्कॉम के एमडी के पद तक पहुंचना आसान नहीं होता है। भाटी ने अपने कार्य की बदौलत हर सरकार में सफलता हासिल की। भाटी वर्तमान में डिस्कॉम के ही चीफ इंजीनियर हैं। अब जब सेवानिवृत्ति में 6 माह शेष थे, तब सरकार ने एक वर्ष के लिए डिस्कॉम का एम डी नियुक्त कर दिया है। डिस्कॉम के एमडी का चयन मुख्यमंत्री के स्तर पर होता है। उम्मीद है कि मौजूदा सरकार में भाटी के कार्यकाल में वृद्धि हो जाएगी, क्योंकि भाटी को निगम के काम काज की पूरी जानकारी है। जो इंजीनियर काम चोर और बेईमान हैं उनके बारे में भी भाटी को पता है।

भाटी को एमडी बनाने का निर्णय जिस सर्वोच्च स्तर पर हुआ है उसे देखते हुए अब अजमेर डिस्कॉम में फेरबदल होगा। ईमानदारी के साथ काम नहीं करने वाले अफसर और इंजीनियरों को अजमेर से हटना होगा। टांग खींचने और उपभोक्ताओं को परेशान करने वाले इंजीनियरों को भी हटना होगा

## विशेष सूचना

**माली सैनी संदेश पत्रिका द्वारा प्रकाशित नववर्ष - 2019 का कलैण्डर आप सभी हमारे कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है**

# सैनी समाज संकल्प अधिवेशन का हुआ आयोजन



अन्तर्राष्ट्रीय सैनी समाज मार्ग दर्शन एवं एकता संघ बिजनौर इकाई मे सैनी नव निर्माण संकल्प अधिवेशन का सफल आयोजन किया। अधिवेशन का संयोजन जिला अध्यक्ष अनिल सैनी और महिला विंग की अध्यक्ष श्री मती सरिता सैनी ने किया।

अधिवेशन में दिल्ली से अन्तर्राष्ट्रीय सैनी समाज मार्ग दर्शन एवं एकता संघ के संस्थापक चेयर मैन श्री पवन सैनी , हरियाणा से चीफ महासचिव श्री नरेश सैनी , और हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष श्री मुकेश सैनी जी , दिल्ली से वरिष्ठ अधिवक्ता श्री रामरतन सैनी, हिमाचल सोलन से जीव वैज्ञानिक कमल सैनी , कानपुर से कोशाध्यक्ष श्री सूरजमल सैनी आदि ने भाग लिया।

अधिवेशन का शुभारम्भ सैनी समाज के इष्ठ आराध्य देव भगवान सूर्य के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया। आदर्श इण्टर कॉलेज के छात्र–छात्राओं में स्वागत गीत गा कर सभी अतिथियों का स्वागत किया।

अधिवेशन का संचालन श्री देवेन्द्र सैनी तथा अध्यक्षता श्री कल्याण सिंह ने की। देहरादून से आये देवेन्द्र सैनी ने रवीन्द्र नाथ द्वारा रचित गीत ‟ जो तेरी आवाज पे कोई ना आये तो तू चल अकेला रे ‟ गा कर सबको आल्हादित कर दिया। संगठन की ओर से वयोवृद्ध स्वतन्त्रता सेनानी और समाज सेवी 92 वर्षीय माननीय श्री प्रताप सिंह सैनी व माननीय श्री रामकुमार सैनी को सैनी समाज के क्षेत्र में उनके अपूर्व योगदान के लिए सैनी रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। चेयरमैन श्री पवन सैनी जी ने सभी को नशा न करने की शपथ दिलवायी और सब युवाओं को नशा मुक्ति शपथ लेने की घोषणा प्रमाण पत्र दिया गया । और कहा कि समाज में नशे की प्रवृति समाज का भविष्य बर्बाद कर रही है । उन्होने समाज मे फैली समस्त सामाजिक बुराईयों और कुंठाओं व बुरी प्रवृत्तियो से मुक्त होकर शैक्षिक, आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक और आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर होने के बारे मे चर्चा की ।

अधिवेशन में पुलवामा में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि दी गयी और 2 मिनट का शोक रखा गया । इस अवसर पर बच्चो को भी सम्मानित किया गया। व बिजनौर के जिला अध्यक्ष अनिल सैनी व महिला जिला अध्यक्ष सरिता सैनी ने समाज को जोडने मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसके फलस्वरूप संगठन की तरफ से उन्हे सम्मानित किया गया।

प्रमुख महासचिव श्री नरेश सैनी ने युवाओं को अपने इतिहास को जान कर उससे प्रेरणा लेने का आव्हान किया। हिमाचल से आये जीव वैज्ञानिक श्री कमल सैनी ने बताया कि सैनी समाज सारे भारत वर्ष में फैला है और अलग अलग नामों से जाना जाता है । उन्होने सबको एकजुट होने की बात की। हरियाणा से मुकेश सैनी ने युवाओ को उज्जवल भविष्य बनाने की बात की । मण्डल प्रभारी व राजा का ताज पुर के प्रधान श्री सुरेश ने युवाओं को परम्परागत कामों के अलावा अन्य कामों को भी अपनाने को कहा ।

# हरियाणा की बेटी काजल सैनी खेलेगीं वर्ल्ड कप

**– 50 मीटर थ्री पोजीशन इवेंट में करेगी भारत का प्रतिनिधित्व**
**– दिल्ली में होने वाले वर्ल्ड कप में भाग लेंगे 58 देशों के 505 टॉप शूटर**
**– ऑल इंडिया में 5वीं रैंक होल्डर है काजल**

रोहतक (हरियाणा), 16 फरवरी। दिल्ली में इसी माह होने वाले आईएसएसएफ शूटिंग वर्ल्ड कप के 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (एमक्यूएस कैटेगरी) इवेंट में रोहतक की बेटी एवं रेडी– टू–हेल्प (आरटीएच) वालंटियर राइफल शूटर काजल सैनी भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में 58 देशों के 505 टॉप शूटर निशाना साधेंगे। ऑल इंडिया में 5वीं रेंक होल्डर काजल शीला बाइपास स्थित ओहल्यान शूटिंग एकेडमी की खिलाड़ी है। आरटीएच के संस्थापक विजय कुमार सैनी की बेटी काजल फिलहाल दिल्ली की करणी सिंह शूटिंग रेंज में वर्ल्ड कप की तैयारी कर रही है। काजल के कोच मनोज ओहल्याण का कहना है कि हालांकि प्रतियोगिता में वर्ल्ड के टॉप शूटर हिस्सा लेंगे मगर उन्हें उम्मीद है कि काजल का प्रदर्शन अच्छा रहेगा।

**काजल ने नेशनल में जीते थे 6 मेडल**

काजल पिछले दो सालों से नेशनल चौंपियनशिप के राइफल शूटिंग इवेंट के सीनियर वर्ग में हरियाणा की ओर से सर्वाधिक मेडल जीतने वाली शूटर है। पिछले साल नवम्बर में केरला में हुई 62वीं नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप 2018 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए काजल ने हरियाणा के लिए 6 मेडल जीते थे जिनमें 3 गोल्ड, एक सिल्वर तथा 2 ब्रांज मेडल शामिल थे। माली सैनी संदेश पत्रिका को प्राप्त जानकारी के अनुसार इससे पूर्व, दिसम्बर 2017 में हुई नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप में भी इस युवा शूटर ने तीन मेडल, जिनमें एक गोल्ड व दो ब्रॉज मेडल जीते थे। इसके अलावा काजल ने पिछले साल जयपुर में सम्पन्न हुई ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी शूटिंग चौंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया था जिसके आधार पर उनका चयन मलेशिया में हुई वर्ल्ड यूनिवर्सिटी शूटिंग चौंपियनशिप के लिए किया गया था।

# परिहार फिर चुने गए अध्यक्ष



जोधपुर। जोधपुर फल सब्जी मंडी व्यापारी व विक्रेता यूनियन का 10 वां सम्मेलन आर्य समाज महामंदिर में रखा गया। इसमें मुख्य वक्ता राजेन्द्रसिंह चारण, किशन मेघवाल, जयराम खांगटा ने संबोधित किया। सचिव राकेश सांखला ने यूनियन की साल भर की गतिविधियों की रिपोर्ट रखी।

सम्मेलन के अंत में नई कार्यकारिणी चुनी गई। इसमें नरेन्द्रसिंह परिहार को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष उदाराम तंवर, दामोदर कच्छवाह, किशनसिंह गहलोत, सचिव राकेश सांखला, महासचिव रविन्द्र चौहान, सह सचिव डूंगरराम चौधरी, कोषाध्यक्ष भतुराम परिहार को बनाया गया। इसके अलावा 21 कार्यकारिणी सदस्य भी चुने गए। मंच संचालन धनराज सांखला ने किया।

माली सैनी संदेश परिवार परिहार को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए विश्वास व्यक्त करता है कि पूर्व की भांति नरेन्द्र परिहार यूनियन के सभी सदस्यों के हितों के लिए कार्य कर लाभान्वित करेगें।

### वक्ताओं ने कहा–सामूहिक विवाह और परिचय सम्मेलन जैसे कार्यक्रम वर्तमान समय की आवश्यकता

# सैनी सामूहिक समारोह में विवाह करने वाले 17 जोड़ों को 15–15 हजार के चेक वितरित

अलवर। सैनी समाज सामूहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति अलवर के तत्वावधान में शनिवार को कटीघाटी के पास एक रिसोर्ट में सामूहिक विवाह समारोह में विवाह करने वाले जोड़ों को चेक वितरण एवं विवाह योग्य युवक–युवती परिचय व पंजीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता समिति अध्यक्ष इंजीनियर निरंजन लाल सैनी ने की। समिति महामंत्री पदम चंद सैनी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद पिछले वर्ष आयोजित 21वें सामूहिक विवाह समारोह के 17 जोड़ों को राज्य सरकार द्वारा सहायता के लिए दिए गए 15000 रुपए के सावधि जमा के चेक बांटे गए। इस अवसर पर सैनी विवाह योग्य युवक युवती परिचय व पंजीकरण में 14 युवकों व 5 युवतियों का पंजीकरण हुआ।

समिति की ओर 22वां सैनी सामूहिक विवाह समारोह 8 मार्च फुलेरादोज को होगा। इसके लिए अभी तक 8 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। कार्यक्रम को प्रदेश कांग्रेस महासचिव अशोक सैनी, कांग्रेस नेत्री श्वेता सैनी, पूर्व प्रधान अभय सैनी उर्फ पप्पू भाई, नगर परिषद की पूर्व सभापति एवं महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष कमलेश सैनी, पूर्व चेयरमैन योगेश सैनी, सैनी महासभा जिला अध्यक्ष पूरणमल सैनी ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि सामूहिक विवाह, परिचय सम्मेलन जैसे कार्यक्रम वर्तमान समय की आवश्यकता है। इसमें समाज के लोगों को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। महिला बाल विकास अधिकारी ऋषिराज सिंघल ने सरकारी योजना के क्रियान्वयन की जानकारी दी। समिति अध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन सैनी महासभा महामंत्री जितेंद्र खुराडिया ने किया।

इस अवसर पर आल इंडिया सैनी समाज अध्यक्ष बाबूलाल झारिया, सैनी शिक्षा समिति उपाध्यक्ष पूरण जैतपुरिया, संयोजक रूपकिशोर सैनी, घनश्याम सैनी, रामपाल सैनी, पार्षद मुकेश सैनी, निरंजन सैनी, पूर्व पार्षद हुकमाराम सैनी, महेंद्र सैनी, राजीव लोचन सैनी, रमेश चन्द सैनी, खेमचंद सैनी कानूनगो, अशोक सैनी शालीमार, प्रकाश चन्द सैनी, प्रहलाद स्वरूप सैनी, नवल किशोर सैनी, विनोद सैनी, लक्ष्मण सिंह सैनी, महेश सैनी पूर्व सरपंच, रतन लाल, सुरेश चन्द सैनी, राजेन्द्र सैनी, जतिराम सैनी, चिम्मनलाल सैनी, ताराचंद सैनी, ओमप्रकाश सैनी, चंद्रमोहन सैनी, मुन्नालाल सैनी, कालूराम सैनी, यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष दीपक सैनी, जितेंद्र सैनी, लक्ष्मण मावर, जगन सैनी, भगवत बाल्याण, धर्मचंद सैनी, भगवान सैनी, मदन लाल सहित अनेक सामाजिक प्रतिनिधि व कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## महंत रामप्रसाद जी महाराज ने किया माली सैनी संदेश पत्रिका के नव वर्ष 2019 के कलैंडर का लोकार्पण



जोधपुर। महंत रामप्रसाद जी महाराज ने माली सैनी संदेश पत्रिका के नव वर्ष 2019 के कलैंडर का लोकार्पण। इस अवसर पर जोधपुर महापौर श्री घनश्याम ओझा, भारत सेवा संस्थान के श्री नरपत सिंह कच्छवाहा, समजसेवी एवं लोक कलाकार श्री छवरलाल गहलोत, संतोष चौहान, प्रेस फोटग्राफर श्री जगदीश देवड़ा, युवा समाजसेवी विनीत भाई, अर्जुन सांखला, वीरेंद्र चौहान सहित अनेक समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर महंत रामप्रसाद जी महाराज ने बहुरंगी कैलेंडर की प्रशंसा करते हुए कहा की में पिछले 13 वर्षों से इस कलैंडर का लोकार्पण कर रहा हूं हर बार इसमें विविधता का समावेश होता है। कलैंडर में सभी प्रकार की जानकारियों का समावेश किया है जिसमें तिज त्यौहार, सरकारी बैंक अवकाश, शादी एवं शुभ मुहूर्त की तिथियों सहित जानकारी एवं चौघड़िया भी दिया गया है।

## सुमन मौर्य स्वर्ण पदक से सम्मानित

**सुमन मौर्य, सहायक प्रोफेसर, राजस्थान विश्वविद्यालय**



जयपुर। समाज के लिए गौरव का विषय है कि शिक्षाविद् सुमन मौर्य को राजस्थान के माननीय राज्यपाल द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है।

सुमन मौर्य ने एम फिल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व सुमन मौर्य एम एन राय पुरस्कार से सम्मानित, सी एस आर पुरस्कार से सम्मानित, वीमेन्स अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित हो चुकी है साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित भी कर चुकी है।

आपको दूरदर्शन पर भी विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया। आप राजस्थान प्रशासनिक सेवा 2007 बैच में चयनित हुई थी , आई ए एस UPSC में साक्षात्कार तक चयनित हो चुकी है।

सुमन मौर्य को राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। आपको प्रतियोगिता दर्पण द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया, रक्त दान शिविरों में भागीदारी, जेन्डर संवेदनीकरण में संयुक्त राष्ट्र संघ के UNDP कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। सुमन मौर्य को समाज की अनेकों सामाजिक शैक्षणिक संस्थाओं ने हार्दिक बधाई प्रेषित की है।

युवा वर्गको समाज गौरव सुमन मौर्य के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो से प्रेरणा लेनी चाहिए हम आपको हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए आपके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते है।

# माली सैनी संदेश के आजीवन सदस्यता सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा

श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर

श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, कुड़ी फार्म, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी

# हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**डॉ. बी. एल. सैनी** को हिंदी ग्रंथ अकादमी, जययुपर के अध्यक्ष बनाएं जाने पर बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।



**सी.ए. श्री बलवीर गहलोत** के सी. ए. काउंसलिंग ब्रांच मैनेजमेंट के सदस्य के रूप में विजय प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई







**श्रीमान अशोक देवड़ा** चांदूर माली समाज, सूरत के अध्यक्ष मनोनीत होने पर हार्दिक बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।



**गौभक्त श्री नृसिंह गहलोत** को राजस्थान कामधेनू सेना के प्रदेश प्रभारी नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिंवरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लाराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल (ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पूनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, जोधपुर
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबूलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री संतोष सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह (एस.ई.)पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह कच्छवाहा(चैयरमेन, पीपाड़) पुत्र श्री पुखराज कच्छवाहा, पीपाड़
श्री अमृतलाल टाक पुत्र श्री चेनाराम टाक, बुंचकला, पीपाड़
श्री चांदरतन पुत्र श्री माणकचंद सांखला, बीकानेर
श्री कमलेश पुत्र श्री मुल्तान सिंह कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री सहीराम पुत्र श्री हिन्दुराम गहलोत, पीपाड़ शहर
श्री मनमोहन पुत्र श्री मनोहर सिंह सांखला, जोधपुर
श्रीमती कमला धर्मपत्नी श्री रमेशचंद्र माली, जोधपुर
श्री दशरथ पुत्र श्री विशन सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राजकुमार पुत्र श्री रतनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री मेवाराम पुत्र स्व. श्री नारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री हरीराम सोलंकी, जोधपुर
डॉ. हिरालाल पुत्र श्री मादुराम पंवार, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री किशनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री धरमाराम भाटी, अध्यक्ष क्षत्रिय माली समाज माधपूर (तमिलनाडु)
श्री राहुल भाटी सुपुत्र श्री जितेन्द्रसिंह भाटी, जोधपुर
श्री किसनाराम देवड़ा, श्री जी एन्टरप्राइजेज, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश

## ही क्यों ?

**क्योंकि**

**हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पठकों का विशाल संसार**

**क्योंकि**

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 14 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

सदस्यता राशि

| दो वर्ष रु 400/- | पांच वर्ष रु 900/- | आजीवन रु 3100/- |
|---|---|---|

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन।/मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ________ पोस्ट ________ तहसील ________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रुपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : - प्रसार प्रभारी

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर (राज।)

**Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com**
**www.malisaini.org EAmail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org**

**RATES**

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464,

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर**

**www.malisainisandesh.com**

# सावित्री बाई फूले की जयंति पर आयोजित विभिन्न आयोजनों की झलकियाँ















सावित्री बाई फुले स्मृति 5 दिवसीय आत्मरक्षा शिविर "मिशन शक्ति", जोधपुर





# हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

श्रीमान भूपेंद्र सिंह गहलोत का गुजरात सरकार मे सिविल जज (मजिस्ट्रेट) हेतु वरीयता सूची मे तृतीय स्थान पर चयनित होने पर माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।



श्रीमान जसवंत सैनी पिछड़ा आयोग उपाध्यक्ष पद व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बनने पर माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।



श्रीमान चिरंजीलाल सैनी एडवोकेट को बार कौंसिल अ फ राजस्थान का चेयरमैन बनने पर माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।



# हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

ओसियां तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट श्री आईदान जी पंवार (सैनी) (आर.टी.एस.) को जोधपुर कमिश्नर श्री ललित गुप्ता द्वारा उत्कृष्ट कार्यो के लिए संभाग स्तर पर सम्मानित होने पर



जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के महासचिव श्री बबलू सोलंकी के नव कार्यालय उद्घाटन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मदनलाल सैनी, उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री गजेन्द्रसिंह शेखावत रहे उपस्थित।



स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR